

## एक नजर में

### नि :शुल्क आर्ट एंड क्राफ्ट प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



**महू .** भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ के आंचलिक कार्यालय द्वारा 5 से 10 वर्ष तक की आयु के बच्चों के लिये आशा कला केन्द्र में 15 दिवसीय आर्ट एण्ड क्राफ्ट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया . शिविर का शुभारंभ योगेश मूंदड़ा ( अध्यक्ष, आशा कला केन्द्र ) के मुख्य आतिथ्य एवं श्रीमती हीरामणी सोनी ( प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य ) की अध्यक्षता में हुआ . इस अवसर पर भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ के महासचिव सुरेश खण्डेलवाल विशेष रूप से मौजूद थे . अतिथियों का स्वागत एवं संचालन प्राचार्य श्रीमती कमलेश पिंपलेकर ने किया . इस मौके पर अतिथियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रशिक्षण सामग्री वितरित की गई . कार्यक्रम के अंत में बच्चों को टॉफियां भी वितरित की गईं . इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य कमलेश मिश्रा, सुश्री पूर्णिमा सेठ, विजय कुमार विजयवर्गीय, मनीष गुप्ता, दिलीप वर्मा, दिनेश जादम आदि उपस्थित थे .

### माउंट लिटरा जी स्कूल में उत्साहपूर्वक मनाया श्रम दिवस



**महू .** माउंट लिटरा जी स्कूलू में श्रम दिवस बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया . इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों, जिनमें दीदियां, ड्राइवर और कंडक्टर शामिल हैं, के प्रति आभार और सम्मान व्यक्त किया . कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने गीत–संगीत के माध्यम से अपनी भावनाएं प्रकट कीं, जिससे वातावरण भावुक और प्रेरणादायक बन गया . अभिभावकों ने भी ऑनलाइन संदेशों के माध्यम से कर्मचारियों के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया. मुख्य अतिथि विवेक दीक्षित ने अपने संबोधन में विद्यालय के प्रबंधन की हृदय से प्रशंसा की . विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी के सभी कर्मचारियों के लिए विभिन्न खेलों और विशेष भोजन की व्यवस्था की गई, जिसे विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षक परिवार द्वारा स्वयं परोसा गया. सभी कर्मचारियों को विद्यालय प्रबंधन की ओर से उपहार भी वितरित किए गए . प्राचार्य राकेश भाटिया एवं चेयरमैन तारिक कुरैशी ने भी कर्मचारियों की सराहना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया .

### जीत के इरादों के साथ तैयार मप्र अंडर–20 टीम घोषित



**महू .** इंदौर जिले में विगत 22 दिनों से संचालित अंडर–20 इंटर डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल प्रतियोगिता एवं चयन शिविर का समापन हुआ. इस अवसर पर छत्तीसगढ़ में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए मप्र अंडर–20 फुटबॉल टीम की आधिकारिक घोषणा की गई . जिला फुटबॉल संघ अध्यक्ष रमेश मेंदोला नेतृत्व में आयोजित इस शिविर ने प्रदेश के उभरते खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का उत्कृष्ट मंच प्रदान किया. एसोसिएशन सचिव अमित रंजन देव के मार्गदर्शन एवं उपाध्यक्ष विद्युत मालेकर की उपस्थिति में 18 सदस्यीय मजबूत एवं संतुलित टीम का चयन किया गया. चयनित टीम के साथ अनुभवी कोच डॉ. सपन बिस्वास (कोलकाता) एवं आशीष पिल्लई (जबलपुर) खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ के नारायणपुर के लिए रवाना हुए, इस अवसर पर जिला फुटबॉल संघ के सचिव नीरज शर्मा, उपाध्यक्ष अमित शुक्ला, सुरेश डामोर, इंदौर प्रभारी राकेश सिरसिया, अंकित चिराऊड़े, नितिन चिंतामन, कोच आशीष पिल्लई एवं दीपक चौहान सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे .

### एक्सीडेंट के बाद आभार जता रहे दंपती पर हमला

इंदौर. एमजी रोड थाना क्षेत्र में चिमनबाग चौराहे पर बाइक फिसलने के बाद मदद करने वालों को धन्यवाद दे रहे दंपती पर बदमाशों ने अचानक हमला कर दिया. मारपीट में पत्नी के सिर पर गंभीर चोट आई है. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. फरियादी जितेंद्र पिता शंकर गोयल निवासी बालदा कॉलोनी अपनी मां कमलाबाई और पत्नी पिंकी के साथ बाइक से जा रहे थे. चिमनबाग चौराहे के टर्न पर अचानक संतुलन बिगड़ने से उनकी बाइक फिसल गई और तीनों गिर गए. मौके पर मौजूद राहगीरों ने उन्हें उठाया और मदद की. जितेंद्र मदद करने वालों का आभार जता रहे थे और कह रहे थे कि वे ठीक हैं, तभी सड़क की दूसरी ओर से स्कूटी पर सवार तीन युवक वहां पहुंचे. इनमें एक की पहचान दुर्लभ के रूप में हुई है. आते ही आरोपियों ने जितेंद्र को गालियां देना शुरू कर दिया और विवाद करने लगे. कुछ ही देर में आरोपियों ने जितेंद्र को जमीन पर गिराकर लात घूंसों से मारपीट शुरू कर दी. पति को बचाने आई पत्नी पिंकी गोयल पर भी बदमाशों ने हमला कर दिया. इस दौरान पिंकी के सिर में चोट आई है. वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए. एमजी रोड पुलिस ने आरोपी दुर्लभ और उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है.

### 5 किलो चने की उधारी मांगने पर युवक पर हमला

**इंदौर .** बाणगंगा थाना क्षेत्र में उधारी के रुपए मांगने पर युवक पर जानलेवा हमला कर दिया गया . चार आरोपियों ने मिलकर युवक की पिटाई की और नुकीली वस्तु से वार कर उसे घायल कर दिया . फरियादी देवीदीन साहू निवासी विशाल नगर ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसका परिचित रघुराज जायसवाल उससे 5 किलो सिके हुए चने उधार लेकर गया था . काफी समय बीतने के बाद भी रुपए नहीं लौटाए,

# एक माह पूर्व हुए हादसे में घायल की उपचार के बाद मौत

- अस्पताल से छुट्टी होने के बाद पुन : बिगड़ गई थी हालत
- अस्पताल में इलाज के दौरान तोड़ दिया दम

**इंदौर.** तिलक नगर क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल हुए एक व्यक्ति की करीब एक महीने बाद उपचार के दौरान मौत हो गई. अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद अचानक तबीयत बिगड़ने पर उसे दोबारा भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया.मृतक यशवंत पिता सुरेश उम्र 45 साल निवासी तिलक नगर 22 मार्च को एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे. हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आई थीं, जिसके बाद उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया था. करीब 10 दिन तक चले इलाज के बाद हालत में सुधार होने पर डॉक्टरों ने उन्हें डिस्चार्ज कर दिया था. परिजनों ने पुलिस को बताया कि घर लौटने के बाद यशवंत स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे, लेकिन अचानक उनकी तबीयत फिर बिगड़ गई. हालत खराब होने पर उन्हें तुरंत दोबारा अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.







# प्रशिक्षण कार्यकर्ता की नेतृत्व क्षमता को निखारने का सशक्त मंच : रावत

## जिला प्रशिक्षण को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में हुई अहम बैठक, वंदे मातरम् से हुई शुरूआत

**भाजपा का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग 22–23 मई को किया जाएगा आयोजित**

**धार। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत जिला प्रशिक्षण वर्ग कार्य योजना बैठक का आयोजन भाजपा के जिला कार्यालय पर शनिवार को संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ भारत माता व पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों समक्ष दीप प्रज्वलित कर और वंदे मातरम के साथ किया गया।**



भाजपा के संभाग प्रभारी व प्रदेश उपाध्यक्ष रणवीरसिंह रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती, भाजपा जिला संगठन प्रभारी सुभाष कोठारी, जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी नानूराम कुमावत, धार विधायक नीना वर्मा, पूर्व विधायक वेलसिंह भूरिया, प्रशिक्षण अभियान के संभाग टोली प्रभारी दिलीप पटोंदिया, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभु राठौ? व मनोज सोमानी, पिछ?ा वर्ग मोर्चा प्रदेश महामंत्री नरेंद्र राठौ? अतिथि रूप में मंचासीन थे।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि इसके पहले चरण में मंडलों को प्रशिक्षित किया गया है। अब इसी महीने जिला स्तर का प्रशिक्षण होना है। भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक शक्ति को और अधिक सुदृढ़ बनाने का एक महत्वपूर्ण अभियान है। प्रशिक्षण ही वह धुरी है, जो कार्यकर्ता को राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करती है। एक सशक्त, जागरूक और वैचारिक रूप से समृद्ध कार्यकर्ता ही संगठन को ऊंचाइयों तक ले जाता है। हमारी पार्टी सिद्धांत व विचारधारा को लेकर काम करती है। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष व संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत ने कहा कि प्रशिक्षण महाभियान से प्रत्येक कार्यकर्ता को जोड़ने का प्रयास करें, जिससे संगठन की जड़ों को और अधिक मजबूती मिले। प्रशिक्षण केवल ज्ञानार्जन का माध्यम नहीं, बल्कि यह कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व क्षमता को निखारने का सशक्त मंच है।

अब आगामी जिला प्रशिक्षण वर्गों को भी उसी ऊर्जा और गुणवत्ता के साथ सम्पन्न करना हम सभी की जिम्मेदारी है। कांग्रेस में व्यक्ति आधारित व्यवस्था है। जबकि हमारे यहां पार्टी में कार्यकर्ता आधारित व्यवस्था है। पार्टी कार्यकर्ताओ की मंशा अनुसार चलती है। हमारा अंत्योदय तय है। कार्यकर्ताओ को समय समय के साथ प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है। यह हमारी कार्य पद्धति है। उसी आधार पर हम दुनिया का सबसे बड़ा दल बने हैं।

> भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्रहित, सेवा, सुशासन और अंत्योदय की विचारधारा पर आधारित एक संगठन है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों और जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। जिला संगठन प्रभारी सुभाषचंद्र कोठारी ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग में सभी अपेक्षित पदाधिकारी समेत कार्यकर्ताओ का उपस्थित रहना अनिवार्य है। प्रशिक्षण वर्ग नए कार्यकर्ताओ को ग?ने का सशक्त माध्यम है। 23 व 24 मई को मांडव में यह प्रशिक्षण वर्ग संपन्न होगा। जिला पदाधिकारी, जिला मोर्चा अध्यक्ष व महामंत्री, मंडल अध्यक्ष, मण्डल प्रभारी, प्रकोष्ठ जिला संयोजक, सांसद विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, प्रकोष्ठ व मोर्चे प्रदेश पदाधिकारी, स्थानीय स्तर पर जिले की टोली व अन्य कुछ नाम भी शामिल हो सकते। 150 से 200 लोग प्रशिक्षण लेंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि जिला बैठक में भाजपा जिला पदाधिकारी जिले के सभी मंडल अध्यक्ष मंडल महामंत्री मोर्चा जिला अध्यक्ष महामंत्री,प्रकोष्ठ जिला संयोजक, प्रशिक्षण वर्ग जिला टोली समेत अपेक्षित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें। राष्ट्र गीत श्रीमती अल्पना जोशी व संगठन गीत को अक्षय शर्मा ने लिया। बैठक का संचालन भाजपा जिला महामंत्री राकेश पटेल ने किया। आभार भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेमचंद परमार ने माना। यह जानकारी भाजपा के जिला मीडीया प्रभारी संजय शर्मा व जिला सह मीडीया प्रभारी मनोज सोलंकी कवि ने दी।

# टास्क मैनेजर डॉ . सुनीता गुप्ता ने की योजनाओं की समीक्षा

**कुक्षी।** मध्य प्रदेश जन–अभियान परिषद्, भोपाल की टास्क मैनेजर डॉ. सुनीता गुप्ता ने अपने कुक्षी प्रवास के दौरान विकास कार्यों और सामाजिक योजनाओं का जायजा लिया। उन्होंने कुक्षी औरनिसरपुर विकासखंड की नवांकुर संस्थाओं और मेंटर्स के साथ समीक्षा बैठक की। डॉ. गुप्ता ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बावड़ी और कुओं की सफाई, नवांकुर सखी कार्यक्रम और आदर्श ग्रामों में चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अब तक की प्रगति पर संतोष जताते हुए आगामी कार्यों के लिए आवश्यक निर्देश दिए।





कार्यक्रम की शुरुआत में विकास खंड समन्वयक मनीष शर्मा ने सभी का परिचय कराया। उन्होंने आदर्श ग्राम रामपुरा में बाग प्रिंट के क्षेत्र में हो रहे सृजनात्मक कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि यहाँ लगभग 200 वनवासी बंधु इस हस्तशिल्प से जुड़े हैं। उन्होंने क्षेत्र में एक व्यवस्थित बाग प्रिंट केंद्र की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि इस कला को और बेहतर मंच मिल सके।पश्चात डॉ. गुप्ता ने तालनपुर सेक्टर स्थित आदर्श ग्राम में %सौमित्र एजुकेशन वेलफेयर अवेयरनेस सोसाइटी% द्वारा संचालित नर्सरी का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने शनि मंदिर गौशाला का भ्रमण कर वहाँ की व्यवस्थाओं को देखाऔर गौशाला के कार्यों की सराहना की। जिला समन्वयक सचिन सिम्पी नवनीत रत्नाकर नवांकुर संस्था के मनीष भावसार, रमेश भाई पाटीदार, रविन्द्र सोनी, मनोज पुरोहित,पारस गेहलोत, कैलाश सोलंकी, जगमोहन सिर्वी, लोकेश पाटीदार, योगेश चोयल, सतवन रावत, दर्शन गुप्ता आदि मौजूद थे।

### नारद जयंती पर पत्रकारों का सम्मान आज

**धार।** धार शहर की सामाजिक संस्था जय हो द्वारा आज नारद जयंती के अवसर पर पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान देने पर धार के वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान किया जाएगा। धार शहर के होटल देव में आज शाम 4 बजे आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रवीण शर्मा मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महामण्डलेश्वर श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा राष्ट्रीय युवा संत श्री शैलेषानंद जी महाराज उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार और प्रेस क्लब के सचिव डॉ. अशोक शास्त्री करेंगे। सामाजिक संस्था जय हो के संयोजक धर्मेन्द्र जोशी एवं नवीन गर्ग ने बताया कि संस्था जय हो द्वारा नारद जयंती के उपलक्ष्य में धार के पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा। संस्था द्वारा प्रति वर्ष धार के पत्रकारों का सम्मान किया जाएगा। उक्त जानकारी सामाजिक संस्था जय हो के अजय चौधरी ने दी।

# वर्कशाप में दी सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी

**मनावर।** भारतीय जैन संघटना के निमाड़ विभाग का मनावर इकाई के तत्वावधान मे एम एस एम ई बी जे एस अवेयरनेश प्रोग्राम का श्री दिगम्बर जैन पार्श्वनाथ चैत्यालय में आयोजन किया गया। बी जे एस सक्षम नाम की वर्कशाप में एम एस एम ई विषय के नेशनल प्रोग्राम हेड निरंजन जुआ अहमदाबाद, पूर्व मध्यप्रदेश अध्यक्ष बी जे एस दिलीप दोषी, बीजेएस इन्दौर अध्यक्ष आर के जैन, निमाड विभागीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र जैन, निमाड़ विभागीय सचिव बरखा जैन के मुख्य आतिथ्य, दिगम्बर समाज अध्यक्ष अभय सौगानी एवं श्वेतांबर श्रीसंघ अध्यक्ष प्रवीण खटोड की विशेष उपस्थिति मे आयोजन संपन्न हुआ।



कार्यशाला में सभी ने सामुहिक नवकार मंत्र से मंगलाचरण कर कार्यक्रम की मंगल शुरुआत की। भारतीय जैन संघटना के धार जिला उपाध्यक्ष आकेश नवलखा ने अतिथियों का परिचय मनावर के युवा व्यवसायियो व उद्यमियों से करवाया। मंचासीन अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ से बी जे एस इकाई मनावर अध्यक्ष विपुल गंगवाल, इकाई सचिव अर्पित काकरेचा, निलेश रावका, आयुष जैन, लवेश खटोड, आदर्श जैन ने किया। एम एस एम ई राष्ट्रीय हेड निरंजन जुआ ने लगभग दो घंटे तक केन्द्र व प्रदेश की लघु दीर्घ उद्योगों के लिए विशेष सरकारी योजनाओं को विस्तार से सभी के समक्ष रखा। आपने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की राशि अधिकतम 10 लाख से 20 लाख होने की जानकारी दी व लघु उद्योगो को विशेष प्रोत्साहन देने के लिए केन्द्र सरकार विभीन्न योजनाओं में सब्सिडी भी दे रही है। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में उपस्थित युवाओ के प्रश्नो का उचित समाधान पाकर पूर्ण रुप से संतुष्ट हुए। बीजेस मनावर इकाई ने अतिथियों व उपस्थित समाजजनों का आभार माना।

**एक नजर में** लोनिवि के एसडीओ संजय जैन की सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई

# कड़ी मेहनत से मिलती है अलग पहचान : सावित्री ठाकुर

**नागदा ( धार ) ।** परिश्रम ही व्यक्ति को समाज में विशिष्ट पहचान दिलाता है और निरंतर मेहनत करने वाला व्यक्ति हमेशा नई ऊंचाइयों को प्राप्त करता है। यही कारण है कि आज संजय जैन के कार्यों की सराहना हर ओर हो रही है। उनकी कार्यशैली विभाग में सभी को अच्छे कार्य करने की प्रेरणा प्रदान करेगी। अपने कार्यक्षेत्र में जो मेहनत को चुन ले वह हमेशा ऊँचाइयां पाता है। उक्त बातें लोक निर्माण विभाग बदनावर में एसडीओ के पद पर कार्यरत संजय जैन की सेवानिवृत्ति पर नागदा में शुक्रवार रात आयोजित विदाई समारोह में मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास विभाग केन्द्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार सावित्री ठाकुर ने कही।

आगे कहा कि संजय जैन की कार्यशैली न केवल विभाग में उत्कृष्ट उदाहरण रही है, बल्कि यह अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों को भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करती है। आपने हमेशा परिवार से पहले अपने कार्य को चुना, जो बताता है कि वो लोकनिर्माण विभाग में अपने कार्य करने के प्रति कितने समर्पित रहे। आगे भी आपका जीवन हमेशा समाज व परिवार के साथ खुशियों से परिपूर्ण हो।





कार्यक्रम में विशेष अतिथि चीफइंजीनियर लोक निर्माण विभाग रीवा केके लच्छे, चीफइंजीनियर लघु उद्योग विभाग भोपाल आरके जैन, एसडीओपी बदनावर अरविन्दसिंह तोमर, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी, कार्यपालन यंत्री धार बबीता सोनकर, नगर परिषद बदनावर अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर यादव व प्रोफेसर वीके जैन, श्रीमती मधु जैन, श्रीमती संगीता जैन आदि थे। अतिथियों ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। अतिथियों का स्वागत सब इंजीनियर काजल पाटीदार, उपयंत्री लोकनिर्माण विभाग राहुलसिंह गादरिया, प्रतीक पाण्डे ने साफा बांधकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर किया। सेवानिवृत्त हुए संजय जैन मंच पर पत्नी मनोरमा जैन के साथ उपस्थित थे, जिनका लोकनिर्माण विभाग से जुड़े अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, मीडियाकर्मी, ग्रामीणजन व परिजनों ने स्मृति चिन्ह व पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया।

> केन्द्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर ने भी जैन का पुष्प गुच्छ भेंट कर सेवानिवृत्ति पर सम्मान किया। इस अवसर पर जैन द्वारा किये गए कार्यो की लघु फिल्म टीवी स्क्रीन के माध्यम से सभी ने निहारी। जहां परिजन प्रोफेसर वीके जैन, मधु जैन, संगीता जैन, मनोरमा जैन, गौरव जैन, विविधा जैन व नवनीत जैन ने सेवानिवृत्त हुए संजय जैन के कार्यो पर अपने विचार व्यक्त किये। साथ ही अरहित जैन, निरवा जैन ने गीत के माध्यम से अपने मन की अभिव्यक्ति मंच से साझा की। सेवानिवृत्ति पर आयोजित समारोह में धार, मंदसौर, बदनावर सहित अन्य शहरों से विभाग के अनेक अधिकारी व कर्मचारियों ने सम्मिलित होकर श्री जैन को सेवानिवृत्ति पर भावभिनी विदाई दी। विभाग अंतर्गत संजय जैन द्वारा किये गए कार्यो की अतिथि सावित्री ठाकुर, केके लच्छे, आरके जैन ने प्रशंसा करते हुए हमेशा कार्य के प्रति उनके समर्पण को अग्रणी बताया। संचालन अनवर मंसुरी ने किया व आभार कार्यपालन यंत्री बबीता सोनकर ने माना।